Publication: Yugdharma
Date: 05.09.2015
Page:07
Headline:S.F.S Junior College wins TCS IT Wiz Quiz

एसएफएस जूनियर कॉलेज बना विजेता

नागपुर। विभिन्न स्कूलों से छात्रों ने टीसीएस आईटी विज, जो कि भारत का सबसे बड़ा इंटर स्कूल क्विज होता है, के नागपुर संस्करण में हिस्सा लिया, जिसे अग्रणी आईटी सेवा प्रदाता, कंसल्टिंग एवं बिजनेस सॉल्यूशंस टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा शुक्रवार ४ सितंबर को सिविल लायंस स्थित एमएलए हॉस्टल के सामने डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल में आयोजित किय गया। टीसीएस आईटी विज नें कक्षा ८-१२ में पढ़ने वाले सभी हाईस्कूल के छात्र हिस्सा ले सकते थे। इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं था। क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में क्विज के ५ राउंड के बाद राहुल भगत और उदित परमार (एसएफएस जूनियर कॉलेज सेमिनरी हिल्स) विजेता बने। इस वर्ष क्षेत्रीय विजेता को एक-एक आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता बनने वाले -अर्चित वेणुगोपालन और संचित खेडकर (सेंटर पाइंट स्कूल वर्धमाननगर) को एक-एक आईपैड मिनी दिया गया, साथ ही विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और पदक भी प्रदान किया गया।